- Periodical review of the accounting policies/systems controls in the Bank with a view to ensuring greater transparency in the Bank's accounts and adequacy of accounting controls to address the risks faced or likely to be faced by the Bank.
- Findings of LFAR
- Position of housekeeping and Inter Office reconciliation and outstanding entries.

Management Audit

The Management Audit of our Bank was conducted by our Sponsor Bank, SBI on 09.02.2018. We have submitted our compliance to the Management Audit Report and report has been closed by State Bank of India, Corporate Office, Mumbai.

नाबार्ड निरीक्षण बैंकिंग विनियमन अधिनियम एक्ट 1949 की धारा 35 (6) के तहत

नाबार्ड द्वारा 11 जून 2018 को बैंक का निरिक्षण किया एवं निरिक्षण में बैंक को अति उतम रेटिंग प्रदत की गई।

बैंक नीति की रूपरेखा

हमने बैंकिग के सभी क्षेत्रो की पहचान करने की कोशिश की है ओर हमारे दृष्टिकोण में स्थिरता के लिए एक नीतिगत रूपरेखा तैयार की है। नीति की रूपरेखा तैयार करते समय रिजर्व बैक ऑफ इंडिया, नाबार्ड, प्रायोजक बैक एसबीआई एवं बैंकिग के सामान्य सिद्धान्तो को ध्यान मे रखा गया है। बैक बोर्ड द्वारा स्वीकृत/अनुमोदित नीतियाँ निम्नानुसार है

1 ग्राहक अधिकार नीति
2. केवाईसी/एएमएल नीति
3. साख नीति
4. मूल्यह्रास नीति
5. बिजनेस कन्टीन्यूटी प्लान
6. स्थानान्तरण नीति
7. डिबारमेन्ट नीति
8. अंतर बैंक सहभागिता नीति
9. निवेश नीति
10. समवर्ती लेखा नीति
11. आई एस ऑडिट नीति एवं संशोधित जोखिम आधारित आंतरिक अंकेक्षण (रफिया)
12. आस्ति देयता प्रबन्धन नीति
13. वित्तीय साक्षरता केन्द्र नीति
14. मुआवजा नीति
15. इंटरनेट बैकिंग नीति
16. बैंक एवं ऑफिस हेतु परिसर किराये पर लेने एवं छोड़ने की नीति
17. इलेक्ट्रोनिक वेस्ट (ई – वेस्ट) प्रबन्धन नीति
18. सूचना तकनीकी नीति (मानक एवं प्रकिया)
19. इन्फोरमेशन सिक्योरिटी पॉलिसी(मानक एवं प्रकिया)
20 प्रशिक्षण पॉलिसी
21. अपलेखन नीति
22. शिकायत निवारण नीति
23. व्हीसल ब्लोअर नीति

NABARD Inspection under Section 35(6) of the Banking Regulation Act 1949

The NABARD Inspection has been conducted on 11th June, 2018 and the Rating awarded is Very Good. Final Compliance for the Report was submitted in time.

Policy Framework of the Bank

We have tried to identify all areas of Banking and put in place a policy framework for consistency in our approach. While framing the Policies, all extant instructions of Reserve Bank of India, NABARD, Sponsor Bank and general principles of banking as envisaged in various Acts governing the Banking, have been taken into account. Our Bank has the following policies now on record, duly deliberated in the Board Meetings and approved by the Board.

1. Customer Rights Policy
2. KYC / AML Policy
3. Credit Policy
4. Depreciation Policy
5. Business Continuity Plan
6. Transfer Policy
7. Debarment Policy
8. Inter Bank Participation Policy
9. Investment Policy
10. Concurrent Audit Policy
11. IS Audit Policy & Revised Risk Focused Internal Audit(RFIA)
12. Asset Liability Management Policy
13. Financial literacy Centers Policy
14. Compensation Policy
15. Internet Banking Policy
16. Hiring & De-Hiring of Premises For Branches & Offices Policy
17. Electronic Waste (E-Waste) Management Policy
18. Information Technology (IT) Policy with Standard & Procedures
19. Information Security (IS) policy with Standard & Procedures
20. Training Policy
21. Write-Off policy
22. Grievance Redressal Policy
23. Whistle Blower Policy

उपरोक्त नीतियां बैक के कामकाज के हर प्रमुख क्षेत्र पर प्रभावी और सिद्ध प्रणाली एवं प्रकियाओं को सुनिश्चित करने में सहायक हैं। उक्त नीतियां विनियामक आवश्यकताओं का पालन करने मे स्टाफ के मार्गदर्शन का कार्य करती है।

वित्तीय समावेशन

स्वतत्रंता प्राप्ति के बाद से भारतीय अर्थव्यवस्था तथा बैंकिंग उद्योग को वित्तीय समावेशन की आवश्कता रही है। वित्तीय समावेशन का उद्देश्य लाभकारी तकनीकों का प्रयोग कर वित्तीय सेवाओं से वंचित समाज के लोगों को जोड़ना रहा है।

गाँवों में निवास करने वाले गरीब प्रायः अपनी छोटी वित्तीय आवश्यकताओं की पूर्ति गाँव के साहूकरों के चंगुल में फंस कर ही कर पाते है। यह कर्ज का जाल जीवन भर चलता है। इस कर्ज से छुटकारा पाने का फिर कोई रास्ता नहीं बचता। ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे लोगों के पास संसाधन नहीं होने से बचत करना भी मुश्किल होता है।

हमारा बैंक (भारत सरकार, राजस्थान सरकार तथा भारतीय स्टेट बैंक का संयुक्त उपक्रम) इनके जीवन में सुधार का कार्य करता है। इनके जीवन में परिवर्तन लाने के लिए बैंक द्वारा नवीन तकनीकों का प्रयोग कर इनके घर पर बैंकिंग सुविधाओं को पहुँचाने का अभूतपूर्व कार्य बैंक द्वारा किया जा रहा है।

वित्तीय समावेशन की कड़ी में 2210 बैंक मित्रों तथा 32 अति लघु शाखाओं द्वारा कार्य किया जा रहा हैं। 2210 बैंक मित्रों में से 1000 बैंक मित्रों को माईक्रो एटीएम प्रदान किये गये है।

बैंक मित्रों के द्वारा प्रयोग में लिये जा रहे माईक्रो एटीएम के माध्यम से किसी भी समय बैंकिंग लेन–देन सीबीएस प्लेटफार्म पर किया जा सकता है। बैंक मित्र के द्वारा निम्नानुसार बैंकिंग संव्यवहार व कार्य किये जाते हैः–

अ) बचत तथा आवर्ती जमा खाता खोलना।

ब) रोकड़ निकासी, जमा तथा कोष अन्तरण।

स) एईपीएस संव्यवहार – (On us & Off us)

द) रूपे डेबिट कार्ड संव्यवहार – (On us & Off us)

य) रूपे किसान क्रेडिट कार्ड से On us संव्यवहार।

बैंक मित्रों के द्वारा समस्त वित्तीय समावेशन से संबंधित कार्य उनके पास धारित माईक्रो एटीएम के माध्यम से ऑन लाईन सम्पन्न किये जाते है तथा लाभार्थी के संव्यवहार बॉयोमेट्रिक सत्यापन के सिद्धान्त पर तत्काल बैंक के सीबीएस सर्वर पर तकनीकी सेवा प्रदाता कम्पनी के माध्यम से सम्पन्न हो जाते है।

चालू वित्तीय वर्ष के आरम्भ में बैंक मित्रों के द्वारा किये गये संव्यवहार 25,75,927 (राशि रू. 1082.29 करोड़) दिनांक 31.03.2019 को बढ़ कर 45,98,196 (राशि रू. 1881.51 करोड़) पर पहुँच गये है। वित्तीय वर्ष 2018–19 में बैंक मित्रों के द्वारा संव्यवहार में 56 प्रतिशत तथा राशि में 57.52 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज करवाई हैं।

तुलना करने पर बैंक के रू. 10,000/– तक के कुल संव्यवहारों में बैंक मित्रों के 30 प्रतिशत संव्यवहार सम्मिलित है। वित्तीय वर्ष 2018–19 के अन्त तक बैंक मित्रों के द्वारा कुल 6,94,486 बचत खातें संचालित किये जा रहे थे तथा आगामी वित्तीय वर्ष हेतु 25 प्रतिशत वृद्धि का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार बैंक मित्रों के द्वारा 648 (रू. 7.98 लाख शेष सहित) बैंक आवृत्ति खाते संचालित किये जा रहे थे तथा इस हेतु भी आगामी वित्तीय वर्ष में 25 प्रतिशत वृद्धि का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

These policies are meant to help ensure that the Bank has an effective and proven systems and procedures on every key area of the Bank's functioning. They also guide the operating staff to comply with the regulatory requirements

Financial Inclusion

Financial Inclusion has been the concern of Indian economy and banking industry since the independence. Leveraging technology is the basic idea behind our initiative in providing Banking Services at the doorsteps of the unbanked and underprivileged people of the society.

The rural poor had long been in the clutches of money lenders to meet their immediate financial needs for decades. This traps them into debt for their life time. There were no means for these people to come out of these debt traps and lead a debt free lives. Thrift was an unusual habit in these group of people in the rural areas.

As a Bank (established jointly by Government of India, State Bank of India and State Government) we have made difference in their lives. Using technology has greatly galvanized our efforts to bring in unprecedented transformation in providing banking facilities to these people at their door steps.

As part of financial inclusion, the bank has 32 USB Branches and 2210 Bank Mitras, out of which 1000 are equipped with micro ATMs. 32 USB branches.

The Bank Mitras uses a hand held Micro ATM devices to carry out the banking transactions in real time on our CBS platform. The following banking transactions are enabled at Bank Mitra Points:

a. Account opening both SB & RD

b. Cash withdrawal, deposit and fund transfer

c. AEPS transactions both Onus and Off us

d. Rupay Debit card transactions both Onus and Off us

e. Rupay Kisan credit card Onus transactions

The entire Financial Inclusion (FI) operations at Banking Correspondent Agents work on the principle of Biometric verification of the beneficiaries through micro ATMs and are online, hitting our CBS server instantly through Third Party Integration, which facilitates updation of transactions carried out by Banking Correspondent Agents on real time basis, in CBS Server, via TSPs' Servers.

No. of Bank Mitra transactions have increased from 25,75,927 (Involving an amount of Rs. 1082.29 Crore) to 45,98,196 (Involving Rs.1881.51 Crore) as on 31.03.2019. We have achieved 56% growth in the number of transactions and 57.52% growth in amount of transactions during FY 2018-19.

Bank Mitras have shared 30% of the number of transactions compared with the total bank transactions below Rs. 10000/-. At the end of the FY 2018-19, number of SB Accounts opened and maintained by Bank Mitras is 6,94,486 and we have set a target of 25% growth during the coming FY. Number of RD Accounts opened and maintained by Bank Mitras is 648 (with a balance of Rs. 7.98 lac) and we have set a target of 25% growth during the coming FY.

वित्तीय समावेशन खाते – आधार सीडींग

प्रधानमंत्री जनधन तथा भामाशाह योजनान्तर्गत सक्रिय 1978581 खातों में से 1881439 (95.09 प्रतिशत) खातों में दिनांक 31.03.2019 तक आधार सीडींग की जा चुकी है।

वित्तीय समावेशन – सामाजिक सुरक्षा योजनाएं (पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई तथा एपीवाई)

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना भारत सरकार द्वारा संचालित एक वर्ष हेतु बीमा योजना है, जिसका वार्षिक नवीनीकरण तथा किसी भी परिस्थिति में मृत्यु पर बीमा राशि देय है। इस योजना में 18 से 50 वर्ष की आयु तक के व्यक्ति जिनका बैंक में खाता है, ऑटो डेबिट की सुविधा प्राप्त कर अपनी सहमति प्रदान करते हुए सम्मिलित हो सकते है। बैंक खाते में मुख्यतः केवाईसी हेतु आधार नम्बर आवश्यक है। इस योजना में रू. 2.00 लाख का नवीनीकरण सुविधा युक्त बीमा एक वर्ष हेतु 01 जून से 31 मई तक की समयावधि हेतु से किया जाता है। किसी भी कारण बीमित की मृत्यु पर रू. 2.00 लाख का बीमा कवर उपलब्ध है। दिनांक 01.09.2018 से संशोधित प्रीमियम राशि की तालिका निम्नानुसार है :–

नामांकन माह	माह हेतु देय प्रीमियम	प्रीमियम राशि
जून, जुलाई व अगस्त	4 त्रैमास–पूर्ण पॉलिसी हेतु	रू. 330.00 + Tax (प्रशासनिक व्यय रू. 41.00 प्रति पॉलिसी धारक)
सितम्बर, अक्टूबर व नवम्बर	3 त्रैमास	रू. 258.00 + Tax (प्रशासनिक व्यय रू. 33.00 प्रति पॉलिसी धारक)
दिसम्बर, जनवरी व फरवरी	2 त्रैमास	रू. 172.00 + Tax (प्रशासनिक व्यय रू. 22.00 प्रति पॉलिसी धारक)
मार्च, अप्रेल व मई	1 त्रैमास	रू. 86.00 + Tax (प्रशासनिक व्यय रू. 11.00 प्रति पॉलिसी धारक)

पॉलिसी नवीनीकरण हेतु वार्षिक प्रीमियम राशि रू. 330/– प्रति पॉलिसी खाता धारक के बचत खाते से ऑटो डेबिट जैसा कि ग्राहक द्वारा दिनांक 31 मई से पूर्व विकल्प दिया गया हो, योजना पर लागू होगी।

चालू वित्तीय वर्ष 2018–19 में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में 14637 ग्राहकों का बीमा किया गया तथा वर्तमान में उक्त योजना के कुल 106962 खाते सक्रिय है। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजनान्तर्गत दिनांक 31.03.2019 तक 726 दावों का निस्तारण करवा कर रू. 14.52 करोड़ का भुगतान करवाया जा चुका है।

Financial Inclusion Accounts – Aadhar Seeding

Out of 19,78,581 Operative PMJDY & BHAMASHA accounts, 18,81,439 accounts (95.09%) have been seeded with Aadhar as on 31.03.2019.

Financial Inclusion- Social Security Schemes (PMJJBY, PMSBY,APY)

Pradhan Mantri Jeevan Jyoti Bima Yojana(PMJJBY)

PMJJBY is a one-year life insurance scheme, backed by Government of India, renewable from year to year, offering coverage for death. People in the age group of 18 to 50 years having a bank account who give their consent to join / enable auto-debit, are eligible. Aadhar would be the primary KYC for the bank account. The life cover of Rs. 2 lakhs shall be for the one year period stretching from 1st June to 31st May and will be renewable. Risk coverage under this scheme is for Rs. 2 Lakh in case of death of the insured, due to any reason. The revised rates of premium will be applicable w.e.f. 01.09.2018 as follows-

Month of enrolment	Premium Payable for	Premium amount payable
June, July & August	Entire policy year i.e. 4 quarters	Rs. 330/- plus applicable taxes, if any (This includes administrative charges payable to Banks which is currently Rs 41/ - per subscriber)
September, October & November	3 quarters	Rs. 258/- plus applicable taxes, if any (This includes administrative charges payable to Banks which is currently Rs 33/- per subscriber)
December, January & February	2 quarters	Rs. 172/- plus applicable taxes, if any (This includes administrative charges payable to Banks which is currently Rs 22/ - per subscriber)
March, April & May	1 quarter	Rs. 86/- plus applicable taxes, if any (This includes administrative charges payable to Banks which is currently Rs 11/ - per subscriber)

The renewal policy premium is Rs. 330 per annum which is to be auto-debited in one installment from the subscriber's bank account as per the option given by him on or before 31st May of each annual coverage period under the scheme.

We have enrolled new 14,637 customers under Pradhan Mantri Jeevan Jyoti Bima Yojana during FY 2018-19, taking the total accounts to 1,06,962. Total 726 claims worth Rs 14.52 Cr amount was settled under PMJJBY as on 31.03.2019.

प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई)

प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना दुर्घटना पर मृत्यु अथवा विकलांगता पर आधारित एक वर्षीय बीमा योजना है, जिसे वार्षिक आधार पर नवीनीकृत करवाया जा सकता है। इस योजना में 18 से 70 वर्ष की आयु तक के व्यक्ति जिनका बैंक में खाता है, ऑटो डेबिट की सुविधा प्राप्त कर अपनी सहमति प्रदान करते हुए सम्मिलित हो सकते है। बैंक खाते में मुख्यतः केवाईसी हेतु आधार नम्बर आवश्यक है। इस योजना में रू. 2.00 लाख का नवीनीकरण सुविधा युक्त बीमा एक वर्ष हेतु 01 जून से 31 मई तक की समयावधि हेतु किया जाता है। दुर्घटना के कारण बीमित की मृत्यु अथवा 100 प्रतिशत विकलांगता पर रू. 2.00 लाख का बीमा कवर उपलब्ध है जबकि आंशिक विकलांगता पर रू. 1.00 लाख बीमा कवर देय है। इस योजना में बीमा प्रीमियम राशि रू. 12/– एक मुश्त ग्राहक के बचत खाते से ऑटो–डेबिट की जायेगी।

चालू वित्तीय वर्ष 2018–19 में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में 23524 ग्राहकों का बीमा किया गया तथा वर्तमान में उक्त योजना के कुल 342184 खाते सक्रिय है। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजनान्तर्गत दिनांक 31.03.2019 तक 221 दावों का निस्तारण रू. 4.41 करोड़ द्वारा किया जा चुका है।

(प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजनान्तर्गत शाखा प्रबंधक, दत्तुर (आर.बी.ओ. बीकानेर)
ग्रामीणजनों की उपस्थिति में नामांकिती को दावा राशि प्रदान करते हुए)

अटल पेंशन योजना (एपीवाई)

असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले और मजदूरों जैसे नौकर, वाहन चालक, माली आदि को जीवनभर की पेंशन प्रदान करने के लिए अटल पेंशन योजना वर्ष 2015 में शुरू की गई थी। अटल पेंशन योजना का मुख्य ध्येय रिटायर होने पर लोगों को गारन्टी के साथ पेंशन देना है जो इस योजना में भागीदार रहे हैं। अटल पेंशन योजना की रकम किए गए निवेश और उम्र पर निर्भर करती है। अटल पेंशन योजना के तहत कम से कम रू. 1000/– तथा अधिकतम रू. 5000/– मासिक पेंशन का प्रावधान है। बैंक खाते में मुख्यतः केवाईसी हेतु आधार नम्बर आवश्यक है तथा इस योजना में नामांकन हेतु खाता धारक की आयु सीमा 18–40 वर्ष निर्धारित है।

वर्ष 2017–18 में अटल पेंशन योजना के 11161 खाते नामांकित थे जबकि चालू वर्ष 2018–19 में उक्त योजना हेतु बैंक की 697 शाखाओं द्वारा 22459 खातों में नामांकन दर्ज किया गया। वर्ष 2017–18 में प्रति शाखा औसत 17.88 था यह वर्ष 2018–19 में प्रति शाखा औसत बढ़कर 32.22 तक पहुँच गया।

Pradhan Mantri Suraksha Bima Yojana(PMSBY)

PMSBY is an accident insurance scheme and offers a one-year accidental death and disability cover, which can be renewed annually. The Scheme is available to people in the age group 18 to 70 years with a bank account who give their consent to join / enable auto-debit on or before 31st May for the coverage period 1st June to 31st May on an annual renewal basis. Aaadhar would be the primary KYC for the bank account. The risk coverage under the scheme is Rs.2 lakh for accidental death and full disability and Rs. 1 lakh for partial disability. The premium of Rs. 12 per annum is to be deducted from the account holder's bank account through 'auto-debit' facility in one installment.

We have enrolled new 23524 customers under Pradhan Mantri Suraksha Bima Yojana during FY 2018-19, taking the total to 342184 accounts. Total 221 claims worth Rs 4.41 Cr amount was settled under PMSBY as on 31.03.2019.

PMSBY claim amount given to Nominee by
Branch Manager Dattaur (RBO Bikaner) in the presence of villagers.

Atal Pension Yojana (APY)

APY is a pension scheme for unorganized sector workers such as personal maids, drivers, gardeners etc., launched in June 2015 by the GoI. APY aims to help these workers save money for their old age while they are working and guarantees returns post retirement. Under the APY, there is guaranteed minimum monthly pension for the subscribers ranging between Rs. 1000 and Rs. 5000 per month, depending on the entry age and monthly contribution. All Bank Account holders aged between 18-40 years are eligible for enrolment.

Total of 22459 enrolments were mobilised under Atal Pension Yojana (APY) for FY 2018-19 as against 11161 mobilised in FY 2017-18, with the active participation of the 697 branches. Average number of enrolments per branch under APY scheme went up to 32.22 during FY 2018-19 whereas it was 17.88 in FY 2017-18.

पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण द्वारा आयोजित विशेष एपीवाई अभियान

भारत में सभी वर्गों को पेंशन सुविधा युक्त समाज के दृष्टिकोण से पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकारण द्वारा अनेकों अभियान बैंकों के माध्यम से भी चलाये गये ताकि पेंशनभोगी तबके को स्थापित किया जा सके। पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकारण द्वारा इस हेतु बैंक की शाखाओं को न्यूनतम लक्ष्य भी आबंटित किये गये तथा लक्ष्यार्जन वाली शाखाओं को सम्मानित करने का भी निर्णय लिया गया, जिसमें बैंक की सभी शाखाओं ने भागीदारी निभाते हुए कार्य किया। इसका विवरण निम्नानुसार है :–

वित्तीय वर्ष 2018–19 में अभियान – उपलब्धियां

1.) ट्रेंडसेटर 2018–19 शाखाओं के लिए अभियान (11 अप्रैल, 2018 से 25 अप्रैल, 2018)

हमारे चार शाखा प्रबंधकों ने लक्ष्य हासिल किया और उन्हें ग्रामीण, अर्ध शहरी, शहरी और मेट्रो श्रेणी के तहत पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। श्री झूमर लाल डाबी (जडन शाखा, क्षे.व्य.का. पाली द्वितीय), श्री मूलचंद कुमावत (टीडी शाखा, क्षे.व्य.का. उदयपुर), श्री प्रदीप चौधरी (रानावास शाखा, क्षे.व्य.का. पाली द्वितीय), श्री अमित कुमार (बम्बोरा, पाली द्वितीय उदयपुर)

2.) विनिंग वेडनसडे – (23 मई, 2018 से 25 जून, 2018 तक)

हमारे बैंक के एक क्षेत्रीय प्रबंधक, चार शाखा प्रबंधक और एक महिला कर्मचारी को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए चुना गया और उन्हें सम्मानित किया गया।

सर्वश्रेष्ठ क्षेत्रीय प्रमुख श्री प्रकाश चंद सेठी (क्षे.व्य.का. पाली द्वितीय)

सर्वश्रेष्ठ शाखा प्रबंधक : श्री महेंद्र कुमार मीणा (बर शाखा, क्षे.व्य.का. पाली प्रथम), श्री जबर पुरी गोस्वामी (बीजापुर शाखा, क्षे. व्य.का. पाली द्वितीय), श्री नरेंद्र कुमार खत्री (बाड़मेर शाखा, क्षे.व्य.का. जोधपुर), श्री रामजी लाल मीणा (रामगढ़ पचवाड़ा शाखा, क्षे.व्य.का. जयपुर प्रथम)

सर्वश्रेष्ठ महिला कर्मचारी मिस नेहा पालीवाल (चौपासनी हाउसिंग बोर्ड शाखा, क्षे.व्य.का. जोधपुर)

APY Special Campaigns conducted by PFRDA

With a view to make India a pensioned society, PFRDA organized several campaigns to motivate Banks to contribute to the Government of India's endeavor to make move our Society from Pension less to Pensioned. PFRDA also prescribed enrolling minimum number of accounts per branch to qualifying for consideration and announcing award for the top performer. We have actively participated in all the Campaigns, the details of which are as under:

Campaigns in FY 2018-19 V/S Achievements

1.) Trendsetters 2018-19 campaign for Branches (11th April - 25th April 2018)

Our Four Branch Managers qualified & felicitated by awards under Rural, Semi Urban, Urban & Metro Category. Sh. Jhumer Lal Dabi (Jadan Br, RBO Pali-2), Sh. Mulchand Kumawat (Tidi Br, RBO Udaipur), Sh. Pradeep Choudhary (Ranawas, RBO Pali-2), Sh. Amit Kumar (Bambora, RBO Udaipur)

2.) Winning Wednesday (WW) -for period (23rd May 2018 to 25th June 2018)

Our Bank One Regional Manager, Four Branch Managers & One Woman Employee shortlisted for Best Performance and were felicitated.

Best Regional Head: Sh. Prakash Chand Sethi (Region – Pali-2)

Best Branch Managers: Sh. Mahendra Kumar Meena (Bar Br.), Sh. Jabar Puri Goswami (Bijapur Br.), Sh. Narendra Kumar Khatri (Barmer Br.), Sh. Ramji Lal Meena (Ramgarh Pachawada)

Best Woman Employee: Miss Neha Paliwal (Choupasani Housing Board, RBO Jodhpur)

श्री प्रकाश चन्द सेठी, क्षेत्रीय प्रबन्धक पाली द्वितीय सम्मान प्राप्त करते हुए

3.) विनिंग वेडनसडे – (जुलाई 2018 से अगस्त 2018 तक)

सर्वश्रेष्ठ क्षेत्रीय प्रमुख श्री राम प्रकाश अत्रे (क्षे.व्य.का. जोधपुर)

सर्वश्रेष्ठ शाखा प्रबंधक :

श्री राजेश कुमार मीणा (साल्वा खुर्द शाखा, क्षे.व्य.का. जोधपुर)

श्री प्रवीण चारण (सांगरिया शाखा, क्षे.व्य.का. जोधपुर)

श्री घेवर राम (होडू शाखा, क्षे.व्य.का. जोधपुर)

श्री शिव रतन माली (सेखासर शाखा, क्षे.व्य.का. जोधपुर)

सर्वश्रेष्ठ महिला शाखा प्रबंधक : मिस मोनिका चौहान (साल्वा खुर्द शाखा, क्षे.व्य.का. जोधपुर)

Regional Manager, RBO Pali-2, Sh. Prakash Chand Sethi getting felicitated.

3.) Winning Wednesday (WW) -for period (July '18 to 2nd August'18)

Best Regional Head : Sh. Ram Prakash Atrey (RBO Jodhpur)

Best Branch Managers: -

Sh. Rajesh Kumar Meena (Salwa Khurd, RBO Jodhpur)

Sh. Praveen Charan (Sangariya Br, RBO Jodhpur)

Sh. Ghewar Ram (Hadoo Br., RBO Jodhpur)

Sh. Shiv Ratan Mali (Sekhasar Br., RBO Jodhpur)

Best Woman Branch Manager: Monika Chouhan, (Salwa Br., RBO Jodhpur)

4.) राइज अबाव रेस्ट (5 अक्तूबर से 17 अक्तूबर, 2018)

शीर्ष प्रदर्शन करने वाले क्षेत्रीय प्रबंधक : – हमारे बैंक के दो क्षेत्रीय प्रबंधकों को शीर्ष प्रदर्शन करने के लिए पुरस्कारों से सम्मानित किया गया

श्री कमल सक्सेना (क्षे.व्य.का. उदयपुर)

राम प्रकाश अत्रे (क्षे.व्य.का. जोधपुर)

5.) परफॉर्म फॉर प्राइड (राज्य अभियान) शीर्ष प्रदर्शन करने वाली शाखाएँ (12–26 दिसम्बर, 2018)

हमारे बैंक की दो शाखा प्रबंधक पुरस्कार के लिए योग्य हैं
और छह शाखा प्रबंधक प्रशंसा के प्रमाण पत्र के लिए योग्य हैं।

4.) RISE ABOVE REST (5th October – 17th October 2018) Top Performing Regional Manager

Our Bank's Two Regional Managers shortlisted & Felicitated by Awards for Top Performing Regional Manager.

a.) Sh. Kamal Saxena (RBO Udaipur)

b.) Sh. Ram Prakash Atrey (RBO Jodhpur)

5.) Perform for pride (PFP) A State Campaign (12-26 Dec, 2018) Top Performing Branches:

Our Bank's Two Branch Managers qualified for Awards & Six Branch Managers qualified for Certificate of Appreciation.

6.) बड़ा विश्वास अभियान (11–26 फरवरी, 2018) शीर्ष प्रदर्शन आरआरबी के लिए एक अभियान

सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं यथा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना तथा अटल पेंशन योजना में बैंक द्वारा सक्रिय भागीदारी निभाई गई। बैंक में कार्यरत वित्तीय साक्षरता समन्वयकों तथा लिंक शाखाओं द्वारा भी वित्तीय समावेशन हेतु कार्य निष्पादित किया गया। वित्तीय साक्षरता अभियान के अन्तर्गत जहाँ बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध नहीं थी, वित्तीय साक्षरता समन्वयकों द्वारा दूरस्थ ग्रामों में भी प्रोजेक्टर तथा तकनीकी उपकरणों के माध्यम से उक्त कार्य सफलतापूर्वक किया गया। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा उपलब्ध करवाई गई मुद्रित सामग्री के माध्यम से भी उक्त संबंध में जागरूकता का प्रचार प्रसार किया गया। बैंक की शाखाओं द्वारा भी ग्राहकों से अधिकाधिक प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना लेने हेतु गंभीरता से कार्य किया गया। दिनांक 01.06.2018 से 15.08.2018 तथा 14.04.2018 से 05.05.2018 तक ग्राम स्वराज अभियान के अन्तर्गत आयोजित विशेष जागरूकता अभियानों में उक्त योजनाओं में नामांकन तथा वित्तीय समावेशन के उद्देश्यों को अधिकाधिक लोगों के मध्य रखा गया।

डिजिटल वित्तीय साक्षरता जागरूकता कैम्प

आरबीआई द्वारा निर्धारित नीतियों तथा लिये गये निर्णयानुसार वित्तीय साक्षरता कैम्प आज के समय की माँग है। हमारे बैंक द्वारा भी उक्त डिजिटल वित्तीय साक्षरता जागरूकता कैम्प ग्रामीण जनों में अपेक्षित जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित किये गये। साथ ही ग्रामीण जनों को इन कैम्पों के माध्यम से प्रोत्साहित किया गया ताकि ग्रामीणजन बैंकों द्वारा प्रयुक्त की जाने वाली नई तकनीकों यथा एटीएम कार्ड प्रयोग, माईक्रो एटीएम, पीओएस संव्यवहार, मोबाइल बैंकिंग, मोबाइल बटुआ का अधिक प्रयोग करे। इस हेतु बैंकों को भी प्रोत्साहित किया गया कि वह इस दिशा में अपनी महत्ती भूमिका अदा करे। इस प्रयोजनार्थ ग्रामों के मुख्य आम रास्तों पर सभाए आयोजित करवाई गई ताकि ग्रामीणजन उन्नत वित्तीय तथा तकनीकी कौशल से रूबरू हो सके। ग्रामीणजनों के मध्य वित्तीय साक्षरता को प्रोत्साहित करने हेतु आयोजित कैम्पों में व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु पुस्तिका, ब्रोशर तथा बैनर आदि का भी प्रदर्शन व वितरण किया गया। इस हेतु नाबार्ड के वित्तीय समावेशन कोष से 52 कैम्पों को आयोजित करने में सहयोग प्राप्त हुआ।

वित्तीय साक्षरता केन्द्र

वित्तीय साक्षरता का मुख्य उद्देश्य सरल शब्दों में यह बताना है कि बैंक में बचत क्यो ?, बैंक से उधार क्यों ?, तथा ऋण पुनर्भुगतान समय से क्यों ? किया जावे, इस हेतु भारतीय रिजर्व बैंक ने सभी बैंको को सलाह दी है कि प्रत्येक जिले में वित्तीय समावेशन केन्द्र स्थापित किया जावे। जिस पर बैंक ने अपने 14 जिलों में 14 वित्तीय साक्षरता केन्द्र यथा बीकानेर, जैसलमेर, हनुमानगढ़, दौसा, जयपुर, जालोर, बाड़मेर, जोधपुर, नागौर, पाली, सिरोही, राजसमन्द, श्रीगंगानगर तथा उदयपुर में नाबार्ड के दिशा निर्देशन में स्थापित किये। बैंक द्वारा सेवा निवृत्त बैंक अधिकारी तथा एमबीए या एमएसडब्ल्यू डिग्रीधारकों, जिन्हें किसी भी वित्तीय संस्थान में 3 वर्ष कार्य का अनुभव हो, वित्तीय साक्षरता समन्वयक के पद पर कार्य हेतु नियुक्त किया गया। यह वित्तीय साक्षरता केन्द्र, क्षेत्रीय कार्यालयों के अधीन जिला मुख्यालयों पर कार्यरत है। वित्तीय साक्षरता समन्वयकों ने 1984 वित्तीय साक्षरता कैम्पों का आयोजन भी किया।

बैंक की ग्रामीण शाखाओं ने भी 8356 कैम्पों का अयोजन इस चालू वित्तीय वर्ष में किया है।

आधार नामांकन तथा अद्यतनीकरण केन्द्र

भारत सरकार के आदेशों की अनुपालना में सभी बैंकों को अपने नेटवर्क के 10 प्रतिशत भाग में आधार नामांकन तथा अद्यतनीकरण केन्द्रों की स्थापना अनिवार्य रूप से करनी थी। आमजन तथा बैंक के ग्राहकों को आधार नामांकन तथा अद्यतनीकरण सुविधा प्रदत्त करवाने के प्रयोजनार्थ हमारी बैंक द्वारा भी 68 केन्द्रों पर इसकी स्थापना की गई। बैंक कार्मिक भी इस कार्य में सहयोग प्रदान कर रहे है। इन केन्द्रों के पर्यवेक्षण हेतु बैंक के 77 अधिकारियों का चयन किया गया है।

6.) "Big Believer Campaign (11th Feb 2019 to 28th Feb 2019)"A Campaign for top performing RRBs.

Our Bank has been actively participating in Social Security Schemes viz., PMJJBY, PMSBY and APY. Bank has on boarded retired bankers as FLC Coordinators who are handling FI activities of the FLCs & other link branches. They are spreading financial literacy in remote village where banking outlets are not available through projectors & other technical gadgets. They are also providing counseling through other printed FI material provided by Reserve Bank of India. Bank sensitized & mobilized awareness customers for enrolments under the two social security schemes i.e. PMJJBY and PMSBY.Make plan for organizing Special camps for maximum awareness and enrolment during the financial inclusion drive Gram Swaraj Abhiyan 01.06.2018 to 15.8.2018 (GSA I) & Gram Swaraj Abhiyan 14.4.2018 to 5.5.2018 (GSA II).

Digital Financial Literacy Awareness Camps (DFLAPS)

Following the need of the hour and taking cues from RBI's policies and initiatives, our Bank launched Digital Financial Literacy Awareness Camps to create awareness among rural people and encourage them to use Card technology, ATMs, micro ATMs, PoS transactions, use Mobile Banking, Mobile Wallets and to highlight the role of Bank Mitras engaged by the Bank. Street shows have been deployed in the villages with the above contents so as to attract the rural customers to upgrade their financial and technical skills. The publicity material in the form of pamphlets, brochures and banners were distributed during the camps to spread the message of financial awareness among the rural people. While we have conducted these programmes in 52 villages, NABARD sanctioned a grant assistance for these programmes.

Financial Literacy Centres (FLCs):

With a prime objective to impart financial literacy in the form of simple messages like 'why save with Banks, why borrow from Banks, why repay the loans in time' the Reserve Bank of India has advised all the Banks to set up one Financial Literacy Centre (FLC) each in the operating districts of the Bank. The Bank has opened 14 such Financial Literacy Centres in 14 districts viz., Bikaner, Jaisalmer, hanumangarh, Dausa, Jaipur, Jalore, Barmer, Jodhpur, Nagaur, Pali, Sirohi, Rajsamand, Sriganganagar and Udaipur in tune with the guidelines issued by the NABARD. The Bank has posted retired Bank staff and MBA or MSW degree holders who have 3 years working experience in any Financial Institution to look after the affairs of FLCs as counsellors. These FLCs are located at the district centres and housed in the Regional Offices. The Financial Literacy Counsellors have conducted 1894 Financial Literacy Awareness Camps during the year.

Our Rural Branches have conducted a total of 8356 Financial Literacy camps during the year.

Aadhar Enrolment and Updation Centres

Following the mandate from Government of India for all the Banks to open Aadhar Enrolment and Updation Centres in at least 10% of their Branch network, our Bank has initiated the task of opening Aadhar Enrolment Centers at 68 locations to extend the services of aadhar enrolment and updation to the public including our customers. Bank officials will assist in enrolment process.77 officials have been identified to supervise these Aadhar Enrolment Centres.

बैंक के ग्राहक इन केन्द्रों पर नामांकन के साथ अपने आधार में आवश्यक संशोधन करवा सकते है। नये नामांकन निशुल्क है जबकि जनसांख्यिकीय परिवर्तन यथा पता, नाम, लिंग, जन्म तिथि आदि हेतु रू. 59/– (जीएसटी सहित) की राशि प्रभारित की जाती है।

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण द्वारा जारी निर्देशानुसार बैंक द्वारा दिनांक 31.03.2019 तक 68 आधार नामांकन तथा अद्यतनीकरण केन्द्र खोले गये हैं।

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के अनुसार ग्राहकों के केवाईसी के प्रमाणीकरण हेतु प्रयुक्त सभी बॉयोमेट्रिक उपकरण भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण द्वारा पंजीकृत होने चाहिए हमारे बैंक के सभी उपकरण पंजीकृत है।

परस्पर विपणन

एसबीआई जीवन बीमा

बैंक अपने ग्राहकों की जीवन बीमा पॉलिसी जैसी आवश्यकताओं को पूर्ण करने हेतु एसबीआई लाईफ इन्शोरेन्स कम्पनी लिमिटेड के निगमित अभिकर्ता के रूप में कार्य कर रहा है। इस प्रकार यह कार्य वित्तीय समावेशन के उद्देश्यों की प्राप्ति के साथ–साथ गैर ब्याज आय का भी एक साधन है। वित्तीय वर्ष 2018–19 में बैंक ने नवीन बीमा व्यवसाय के अन्तर्गत निर्धारित लक्ष्य रू 25.86 करोड़ के विरूद्ध रू 24.62 करोड़ का लक्ष्यार्जन किया है, जिससे बैंक को रू 4.27 करोड़ का कमीशन प्राप्त हुआ जबकि यह नवीन बीमा व्यवसाय विगत वित्तीय वर्ष 2017–18 में रू 19.02 करोड़ था तथा इस पर रू 3.38 करोड़ का कमीशन अर्जित किया गया था।

एसबीआई जनरल बीमा

हमारे द्वारा निगमित अभिकर्ता के रूप में एसबीआई जनरल बीमा का कार्य वर्ष 2014–15 में आरम्भ किया गया। इसमें दो प्रकार के उत्पाद यथा समूह स्वास्थ्य बीमा योजना तथा समूह व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना को बैंक के ऐसे ग्राहकों के लिए लागू किया गया जो इस हेतु पात्र व इच्छुक थे। बैंक के द्वारा चालू वित्तीय वर्ष 2018–19 में निर्धारित किये गये लक्ष्य रू. 9.42 करोड़ के विरूद्ध रू 9.42 करोड़ का व्यवसाय किया गया। इस प्रकार वर्ष 2018–19 में रू. 1.42 करोड़ का कमीशन अर्जित किया गया जबकि यह कमीशन वर्ष 2017–18 में रू. 35.72 लाख तथा व्यवसाय रू. 4.98 करोड़ रहा।

सूचना प्रौद्योगिकी

निरक्षर और ग्रामीण आबादी को एक प्रौद्योगिकी संचालित बैंकिंग से जोड़ना हमारे बैंक द्वारा प्राप्त की गई उपलब्धियों में से एक है। वर्ष के दौरान शुरू की गई आईटी पहल ग्राहकों के लिए लाभप्रद है। हमने ग्रामीण लोगों को आईटी शिक्षित और संवेदनशील बनाकर, ग्रामीण क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी के प्रवेश को गति दी है। हमने ग्रामीण ग्राहकों के लिए आईटी उत्पाद और सेवाओं का उपयोग करने के लिए, शाखाओं और ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारियों के बीच जागरूकता अभियान एवं संस्थागत प्रतियोगिता का आयोजन किया है।

बैंक की समस्त 701 शाखाएँ सीबीएस (कोर बैंकिंग सॉल्यूशन) प्लेटफार्म पर कार्यरत है। बैंक द्वारा एनपीसीआई के साथ एईपीएस, डीबीटीएल के माध्यम से अनुदान राशि ग्राहकों के खातों में हस्तानांतरण करने की सुविधा प्रारम्भ की गई है। बैंक ने सेवा शाखा जयपुर में सीटीएस प्रोसेस प्रारम्भ कर अगले कार्यदिवस को खाते में जमा करने की अग्रिम सुविधा प्रदान की है। बैंक ने स्त्रोत पर कर कटौती तथा वेतन भुगतान की केन्द्रीयकृत प्रणाली के लिए एचआरएमएस एप्लीकेशन को क्रियान्वित किया है। बैंक ने अन्य व्यावसायिक बैंकों के समरूप मोबाइल बैंकिंग एवं नेट बैंकिंग सुविधा को प्रारम्भ किया है। बैंक में त्वरित भुगतान तथा संग्रहण के लिए इलेक्ट्रोनिक समाशोधन व्यवस्था उपलब्ध है।

Customers can now do enrolments at these centers in addition to getting modifications to the existing cards. For new enrolment, the Bank does not charge any amount, while for demographic modifications such as address, name, gender, date of birth etc., they need to pay Rs.59/- (incl GST) in the Branch.

Our Bank has opened all 68 Aadhar enrolment and updation centers as on 31.03.2019 as per UIDAI guidelines.

UIDAI-Migration to Registered Device Services: All biometric devices used for authentication of customer KYC, using Aadhaar number have been migrated to Registered device services. The biometric devices both at branches and Bank Mithra's have been migrated to RD services.

Cross Selling

SBI Life Insurance

The Bank is a corporate agent of SBI Life Insurance Company Limited, to meet the life insurance needs of the Bank's customers, as part of Financial Inclusion apart from earning non-interest income. The Bank mobilized a New Business Premium (NBP) of Rs. 24.62 Crore against the target of Rs. 25.86 Crore and earned a commission of Rs. 4.27 Crore during the FY 2018-19 vis-à-vis the NBP of Rs.19.02 crores and commission of Rs.3.38 Crore during the year previous FY 2017-18 .

SBI General Insurance

We have commenced SBI General Insurance Business during the year 2014-15 as a Corporate Agent to market two Insurance products viz., Group Health Insurance Scheme and Group Personal Accidental Insurance Scheme apart from insurance to the Assets financed by the Bank to the eligible and willing customers. The Bank mobilized a business premium of Rs 9.42 Crore during the year 2018-19 against the target of Rs.9.42 Crore vis-à-vis Rs.4.98 Crore business premium during the previous FY 2017-18. The Bank earned a commission of Rs. 1.42 Crore for the year 2018-19. vis-a-vis the commission of Rs. 35.72 Lakhs for the year 2016-17.

Information Technology

Linking illiterate and rural population to the technology driven banking has been one of the hallmark achieved by our bank during the year. IT initiatives during the year are beneficial for the customers. Although the IT has been engulfing all sectors in urban areas, it is slower in rural areas - particularly banking space. We have speeded up the entry of technology in rural areas by making rural people educated and sensitive. We have organized awareness campaigns and institutional competition among the employees working in the branches and rural areas, to use IT products and services for rural customers.

All the 701 branches of the bank are working on CBS (Core Banking Solution) platform. Bank has started AEPS, DBTL with NPCI to provide facility of direct transfer of subsidy amount to the customer account. The Bank has provided advance facility of deposit to the next working day by CTS process in the service branch Jaipur. The Bank has implemented HRMS application to centralize the salary process. The bank has introduced mobile banking in line with other commercial banks. Bank offers the Electronic Clearing system for faster payments and collections.

सूचना प्रोधौगिकी क्षेत्र में बैंक ने अग्रांकित सेवाएँ प्रारम्भ की है

आईएमपीएस

आईएमपीएस सुविधा लाभार्थी बैंक के रूप में दिसंबर 2015 में प्रायोजक बैंक के उप सदस्य के रूप में शुरू की गई थी। हमारे बैंक में जनवरी 2017 में Remitter सुविधा युक्त आईएमपीएस लॉन्च किया गया था।

मोबाइल बैंकिंग



मोबाइल बैंकिंग ऐप हमारे ग्राहकों के लिए एक बहुत ही बेहतरीन ऐप है। यह ऐप एंड्रॉइड, आईओएस और विंडोज मोबाइल ऑपरेटिंग सिस्टम पर उपलब्ध है। मोबाइल बैंकिंग में पंजीकरण के लिए पिन मेलर के स्थान पर "गो ग्रीन" पहल की गयी है। मोबाइल बैंकिंग ऐप के द्वारा एनईएफटी, आईएमपीएस के माध्यम से धन का प्रेषण और बैंक के भीतर लेनदेन हस्तांतरण, पंजीकृत ई–मेल आईडी पर बैलेंस पूछताछ और खाता विवरण प्राप्त किया जा सकता है। इसने बैंक को नए ग्राहकों को आकर्षित करने और मौजूदा ग्राहकों को बनाए रखने में सक्षम बनाया है।

मोबाइल बैंकिंग के माध्यम से लेन–देन को तीन तरह से प्रमाणीकरण के साथ सुरक्षित किया जाता है, अर्थात वित्तीय लेनदेन करने के लिए सेवाओं और TPIN, MPIN व सुरक्षा का तीसरा कारक, ग्राहक के पंजीकृत मोबाइल पर भेजे गए OTP द्वारा वित्तीय लेनदेन का प्रमाणीकरण है।

अब तक हमारे लगभग 50000 ग्राहकों ने मोबाइल बैंकिंग सेवा को सक्रिय किया है और प्रत्येक ग्राहक ने वित्तीय वर्ष के दौरान औसतन चौबीस से अधिक लेनदेन किए हैं।

हमारे बैंक की मोबाइल बैंकिंग सेवाएं ग्राहकों द्वारा सरलता पूर्वक उपयोग की जा रही है और उनकी संतुष्टि को गूगल प्ले स्टोर के फीडबैक प्लेटफॉर्म पर उनके द्वारा मोबाइल बैंकिंग ऐप को दी गई रेटिंग से देखा जा सकता है। मोबाइल बैंकिंग ऐप को प्लेटफॉर्म पर 4.5 रेटिंग मिली है और डाउनलोड 1,00,000 + तक पहुंच गया है।

हमारे बैंक में मोबाइल बैंकिंग सेवाओं की विपुल संभावनाएं है। 45.32 लाख बचत खातों में से, 57 प्रतिशत से अधिक खातों में मोबाइल नंबर दर्ज हैं। इसी तरह 22.58 लाख पी.एम.जे.डी.वाई. खातों में 40 प्रतिशत खातों में मोबाइल नंबर दर्ज हैं।

यूपीआई सेवा

UPI, IMPS पर आधारित सेवा है जिसे हमारे बैंक ने जनवरी 2018 में हमारे ग्राहकों के लिए प्रारंभ की। UPI ऑनलाइन भुगतान करने की सरल प्रणाली है।

The Bank has introduced the following new IT initiatives:

Immediate Payment System (IMPS) Remitter

IMPS facility as beneficiary bank was launched in December 2015 as sub member of Sponsor Bank. After IMPS accounting procedure was put in place by SBI for RRBs, IMPS with remitter facility was launched in Jan 2017 in our Bank.

MOBILE BANKING:



It is a new experience for a farmer to do banking while in farm. Mobile banking app is a very user friendly app for our customers. The app is compatible with, Android, iOS and Windows mobile operating systems. The requirement of a PIN mailer for registration/activation has been done away with as a Go Green initiative. Mobile Banking app offers remittance of funds through NEFT, IMPS, and transfer transactions within the bank, balance enquiry & account statement on registered E-mail ID. This has enabled the bank to attract new customers and retain the existing customers.

The transactions through Mobile Banking are secured with a three-way authentication i.e. MPIN to access the services and TPIN to perform financial transactions, the third factor of security, is authentication of a financial transactions by the OTP sent to the registered mobile of the customer.

More than a 50,000 customers have activated Mobile Banking service and each customer has carried out on an average a little over twenty four transactions during the Financial Year.

Our Bank's mobile banking service has been well received by the customers and their satisfaction can be gauged from the rating awarded by customers to the mobile banking app on the Google play store feedback platform. The mobile banking app has been receiving a consistent rating of 4.5 on the platform and the downloads have reached 1,00,000 +

There is a huge potential for the Mobile Banking Services in our Bank. Out of 45.32 Lakh SB Accounts, over 57% accounts have been seeded with Mobile Numbers. Similarly, out of 22.58 Lakh PMJDY Accounts, 40% accounts have been seeded with Mobile numbers.

Unified Payment Interface (UPI) Services

UPI is the most sophisticated public payments infrastructure which our Bank has extended to our customers in January 2018. UPI simplifies online payments and it is way ahead of NEFT / IMPS / digital wallet such as Paytm with regard to convenience. UPI is a layer over existing IMPS facility.

UPI सेवाओं द्वारा निम्नलिखित लाभ ग्राहक को प्राप्त होते हैं।

1. UPI सुविधा से हमारे ग्राहकों द्वारा धन हस्तांतरण में क्रांतिकारी बदलाव आया है और इसे संदेश भेजने के समान सरल बना दिया है।
2. तत्काल धनराशि मोबाइल के माध्यम से 24x7x365 स्थानांतरित की जा सकती है।
3. यूपीआई प्लेटफॉर्म हमारे ग्राहक को एनपीसीआई, भारत इंटरफेस फॉर मनी (BHIM) द्वारा उपलब्ध कराए गए एकल मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग करने में सक्षम बनाता है, जो विभिन्न बैंक खाते तक पहुंच बनाने और उनके लेनदेन को अंजाम देता है।
4. UPI बैंकिंग लेनदेन करने के लिए Virtual address के उपयोग की सुविधा प्रदान करता है।
5. यूपीआई सुविधा का उपयोग करने वाला ग्राहक QR कोड को स्कैन करके व्यापारी प्रतिष्ठानों में की गई खरीदारी के लिए भुगतान कर सकता है।
6. ग्राहक BHIM ऐप से किये लेनदेन से सम्बंधित शिकायत सीधे BHIM एप द्वारा कर सकते हैं।

हमारे बैंक में UPI के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 8760 लेनदेन किये जा रहे है ।

इंटरनेट बैंकिंग – केवल देखें

हम अपने ग्राहकों को View only अधिकार के साथ इंटरनेट बैंकिंग सुविधा प्रदान कर रहे हैं। अब हम लेन–देन के अधिकार के साथ पूर्ण इंटरनेट बैंकिंग सुविधा को लागू करने हेतु प्रक्रियाधीन हैं।

AEPS-आधार पे

हमारे ग्राहकों को हमारे बैंक के आधार लिंक्ड खाते का उपयोग करके व्यापारी प्रतिष्ठानों में नकद रहित लेनदेन करने में सक्षम बनाने के लिए, हमारे बैंक में आधार पे (issuer facility) सुविधा शुरू की गई है। इस सुविधा का उपयोग करके हमारा ग्राहक अन्य बैंक आधार भुगतान एप्लिकेशन का उपयोग करके आउटलेट्स पर नकद रहित लेनदेन करने में सक्षम होगा।

मिस्ड कॉल अलर्ट सुविधा

हमने 23.01.2019 को मिस्ड कॉल अलर्ट सुविधा शुरू की है। हमारे ग्रामीण ग्राहकों, विशेष रूप से डीबीटी और सरकार प्रायोजित योजनाओं के लाभार्थी, अपने खाते के शेष राशि को जानने के लिए शाखा में आते हैं, जिससे उनके समय, ऊर्जा व धन की क्षति होती है। ग्राहकों की कठिनाई को कम करने के लिए, बैंक ने उनके खाते की शेष राशि जानने के लिए मिस्ड कॉल बैंकिंग की शुरुआत की। खाते के साथ पंजीकृत मोबाइल के माध्यम से ग्राहक को खाता शेष दिखाते हुए एसएमएस प्राप्त करने के लिए पूर्वनिर्धारित नंबर पर एक मिस्ड कॉल देना होगा। यह सुविधा 24x7 उपलब्ध है।

The following benefits accrue to the customer who uses the UPI services of the bank.

1. The enabling of the UPI facility has revolutionized funds transfer by our customers and made it as simple as sending a message.
2. Immediate funds transfer through mobile devices round the clock 24 x 7, 365 days of the year.
3. Our on boarding the UPI platform enables our customer to use a single mobile application made available by NPCI, Bharat Interface for Money (BHIM) for accessing different bank account and carrying out their transactions.
4. UPI facilitates the use of virtual address for performing banking transactions.
5. The customer using UPI facility can make payments for purchases made at merchant establishments by scanning the Quick Response (QR) code.
6. Customer can raise complaints regarding transaction status directly from the BHIM app.

Within a short span average 8760 transaction per day has been carried out involving Rs. 1.13 Crore. through UPI.

Internet Banking – View Only Facility

We are providing Internet banking facility with view rights only to our customers. Now we are in process to implement Full-fledged Internet banking facility with transaction rights also.

AEPS - Aadhaar Pay:

To enable our customers to perform cash less transactions at merchant establishments using their Aadhaar linked account of our bank, Aadhaar Pay (Issuer) facility has been launched in our bank. Using this facility our bank customer would be able to perform cash less transactions at outlets using other bank Aadhaar pay apps.

Missed Call Alert Facility:

We have launched Missed call alert facility on 23.01.2019. Many of our rural customers, particularly the beneficiaries of DBT and Government Sponsored Schemes, come to branch to know their account balance, thereby losing their daily wage and incurring travel expenditure. To mitigate the hardship of hand-to-mouth customers, the Bank introduced Missed Call Banking to know their account balance. The customer through the mobile registered with the account has to give a missed call to a predefined number to get an SMS showing the account balance. This facility is available 24 x 7 and has considerably reduced footfalls at the branch counters and enhanced the customer service at the counters by cutting down the waiting time.

वैकल्पिक वितरण माध्यम

